Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to implement the National Register of Citizens in Jharkhand.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया।

महोदया, मैं जिस इलाके संथाल परगना से आता हूं, वहां पिछले 30-35 सालों से हम लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या से प्रभावित हैं। …(व्यवधान) हमारा पूरा जिला, गोड्डा, देवघर, दुमका जहां का मैं सांसद हूं, उसके बगल में पाकुड़, साहेबगंज और जामताड़ा, साइबर क्राइम के बहुत बड़े अड्डे हैं। …(व्यवधान) बांग्लादेश घुसपैठिए आने के कारण पूरी की पूरी डेमोग्राफी पर असर पड़ा है। केवल संथाल परगना का ही नहीं, बिहार से जो सटे हुए जिले हैं, चाहे भागलपुर है, कटिहार है, पूर्णिया है, चाहे वे बंगाल के जिले हैं या नॉर्थ-ईस्ट के हैं। …(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से सरकार से एक ही आग्रह है कि 25-30 सालों से इस आवाज को उठाने के बावजूद एक भी बढ़िया व्यवस्था वहां पैदा नहीं हो पाई। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, आपको आश्चर्य होगा कि पूरे इस देश का साइबर क्राइम का हब, यदि किसी का ए.टी.एम. लूट लिया जाए या मान लीजिए किसी के बैंक अकाउंट से पैसा चला जाए पूरे देश भर में, तो पूरे देश की पुलिस संथाल परगना पहुंच जाती है, क्योंकि साइबर क्राइम का वह राजधानी हो गया है। …(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह है कि वहां एक ऐसी व्यवस्था कायम करें जिससे साइबर क्राइम पर कंट्रोल हो। दूसरा, जिस तरह से असम एन.आर.सी. लागू हुआ है, उसी तरह से पूरे झारखंड में एन.आर.सी. लागू हो, जिससे हम बांग्लादेशियों को चिन्हित कर के बाहर कर पाएं। …(व्यवधान) धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री शरद त्रिपाठी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री निशिकान्त दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 2 o’ clock.

12 59 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.